IBO IB DIPLOMA PROGRAMME
PROGRAMME DU DIPLÔME DU BI
PROGRAMA DEL DIPLOMA DEL BI

M05/1/A1HIN/SP2/HIN/TZ0/XX

22050132

HINDI A1 – STANDARD LEVEL – PAPER 2
HINDI A1 – NIVEAU MOYEN – ÉPREUVE 2
HINDI A1 – NIVEL MEDIO – PRUEBA 2

Friday 6 May 2005 (morning)
Vendredi 6 mai 2005 (matin)
Viernes 6 de mayo de 2005 (mañana)

1 hour 30 minutes / 1 heure 30 minutes / 1 hora 30 minutos

INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

- Do not open this examination paper until instructed to do so.
- Answer one essay question only. You must base your answer on at least two of the Part 3 works you have studied. You may include in your answer a discussion of a Part 2 work of the same genre if relevant. Answers which are not based on a discussion of at least two Part 3 works will not score high marks.

INSTRUCTIONS DESTINÉES AUX CANDIDATS

- N'ouvrez pas cette épreuve avant d'y être autorisé(e).
- Traitez un seul sujet de composition. Vous devez baser votre réponse sur au moins deux des œuvres de la 3e partie que vous avez étudiées. Le cas échéant, vous pouvez inclure dans votre réponse une discussion sur une œuvre du même genre littéraire étudiée dans la 2e partie du programme. Les réponses qui ne sont pas basées sur au moins deux des œuvres de la 3e partie n'obtiendront pas une note élevée.

INSTRUCCIONES PARA LOS ALUMNOS

- No abra esta prueba hasta que se lo autoricen.
- Elija un tema de redacción. Su respuesta deberá basarse en al menos dos de las obras estudiadas en la Parte 3. Se podrán hacer comentarios sobre una obra de la Parte 2 del mismo género, si fuera necesario. Las respuestas que no incluyan una discusión sobre al menos dos obras de la Parte 3 no recibirán notas altas.

नीचे लिखे हुए विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए। इस भाग में आपका उत्तर भाग 3 की पढ़ी हुई रचनायों में से कम से कम दो रचनायों पर आधारित होना चाहिए। अगर उचित हो तो आप भाग 2 में पढ़ी हुई इसी प्रकार की कृतियों की व्यवहारिक चर्चा कर सकते/सकती हैं। अगर आपका उत्तर भाग 3 की पढ़ी हुई रचनायों पर आधारित नहीं होगा तो आपको ज़्यादा अंक नहीं मिलेंगे।

कविता

1 क "भावों को सरलता व गंभीरता के साथ प्रस्तुत करते हुए कल्पनायों, प्रकृति व देशकाल के साथ उनका सामंजस्य दिखाना ही एक अच्छी कविता है।" जिन कवितायों को आपने पढ़ा है उनका उल्लेख करते हुए इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

या

ख जिन कवितायों को आपने पढ़ा है उनमें प्रेम व त्याग की भावनायों को कैसे प्रस्तुत किया गया है और कवि अपनी बात कहने में कहाँ तक सफल रहे हैं ?

उपन्यास

2 क "उपन्यास और विज्ञान दोनों सत्य का उद्घाटन करते हैं, विज्ञान में प्रीक्षण विधि का आह्वय लिया जाता है और उपन्यास में कल्पनायों व भावानुभूतियों का।" जिन उपन्यासों को आप ने पढ़ा है उनके आधार पर बताएँ कि आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं।

या

ख जिन उपन्यासों को आप ने पढ़ा है उनके संदर्भ में बताएँ कि शैली तथा विषयवस्तु के प्रस्तुतीकरण से उपन्यासकार अपनी बात कहाँ तक प्रभावशाली ढंग से कह पाए हैं।

कहानी

3 क “कहानी के कथावस्तु के विकास की प्रक्रिया जितनी रोचक होगी पाठक का मन उतना ही कहानी में रमेगा ।” जिन कहानियों को आप ने पढ़ा है उन के आधार पर इस कथन की मान्यता पर टिप्पणी कीजिए ।

या

ख किसी भावात्मक अनुभव या उस विषय पर कहानीकार द्वारा अपने विचारों को प्रस्तुत करना, दोनों ही कहानी के उद्देश्य होते हैं । जिन कहानियों को आप ने पढ़ा है उनके कहानीकारों के उद्देश्य थे और उन की प्राप्ति में वो कहाँ तक सफल रहे हैं ?

नाटक

4 क नाटक की सफलता में जनसामान्य के लिए विषयवस्तु की रोचिकता तथा भाषा का सरल होना अनिवार्य है । जिन नाटकों को आपने पढ़ा है उन के आधार पर आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं तथा आपके विचार से नाटकों के विषयवस्तु का संचार कैसे किया गया है ?

या

ख जिन नाटकों को आपने पढ़ा है उन में खलनायकों की भूमिका कितनी महत्त्वपूर्ण है और उन को उदारता से कैसे प्रस्तुत किया गया है ?

निबंध

5 क “निबंध लिखने का उद्देश्य किसी विषय पर प्रभावशाली विचार-विमर्श करना होता है ।” जिन निबंधों को आपने पढ़ा है उनके संदर्भ में इस कथन से आप कहाँ तीक सहमत हैं ?

या

ख निबंधों में लेखकों के विचार,भाव व उनकी निजी अनुभूतियाँ उभर कर पाठक के सामने आती है । जिन निबंधों को आपने पढ़ा है उनके संदर्भ में विचारविमर्श करते हुए बताएँ कि यह कथन कहाँ तक मान्य है ?

साधारण प्रश्न

6 क “किसी काल का साहित्य उस काल के जातीय भावों का प्रतिबिम्ब होता है लेकिन अच्छा साहित्य अपने काल की सीमा पार कर भी प्रभावशाली रहता है।” जिन रचनायों को आपने पढ़ा है उनके संदर्भ में विवेचना कीजिए।

या

ख साहित्य में नारी के महत्त्व और सम्मान के बारे में आप क्या कहना चाहते हैं ? जिन रचनायों को आपने पढ़ा है उनके संदर्भ में अपने विचार लिखिए।

या

ग जिन साहित्यक रचनायों को आपने पढ़ा है उनमें सुख-दुःख, व आशा-निराशा की व्यंज्ना के बारे में आप क्या कहना चाहते है। उनके लेखकों / लेखिकायों ने विषयवस्तु द्वारा इन भावनायों को कहाँ तक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है ?

या

घ “साहित्य केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं वह धर्म, अर्थ और व्यवहार ज्ञान का साधन भी है।” जिन रचनायों को आपने पढ़ा है उनके आधार पर यह कथन कैसे उचित या अनुपयुक्त है।